**प्रादेशिक समाचार एकांश**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**प्रातःकालीन समाचार**

**मुख्य समाचार :–**

- पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष पर विचार के लिये प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक।
- केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा–देश के विभिन्न राज्यों में क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन होंगे।
- राज्यपाल मंगु भाई पटेल ने कहा– जनजातीय समाज के विकास का यह अभूतपूर्व काल। और
- केन्द्रीय मंत्रियों और प्रदेश के सांसदों से मिले मुख्यमंत्री, विकास योजनाओं पर हुई चर्चा।

**प्रधानमंत्री – सीसीएस बैठक**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के कार्यक्रमों की समीक्षा करने और पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष से संबंधित पहल पर विचार विमर्श करने के लिए सुरक्षा संबंधी कैबिनेट समिति –सीसीएस की विशेष बैठक की अध्यक्षता की।

इस मुद्दे पर सीसीएस की यह दूसरी विशेष बैठक थी। बैठक के दौरान, प्रधानमंत्री ने आम आदमी के लिये आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता का आकलन किया। उन्होंने देश में उर्वरकों की उपलब्धता और खरीफ तथा रबी फसलों के दौरान इसकी उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए उठाए जा रहे कदमों पर भी चर्चा की। प्रधानमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि चल रहे संघर्ष के प्रभाव से नागरिकों को बचाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं।

**संसद**

संसद का बजट सत्र आज समाप्त हो रहा है। राज्यसभा में आज आंध्र प्रदेश पुनर्गठन –संशोधन विधेयक, 2026 पर चर्चा होने की संभावना है।

बजट सत्र का पहला चरण 28 जनवरी से 13 फरवरी तक हुआ था। सत्र का दूसरा चरण 8 मार्च से शुरू हुआ। पहले चरण में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव और 2026–27 के केंद्रीय बजट पर चर्चा हुई। दूसरे चरण में संसद ने वित्त विधेयक 2026 और विनियोग –संख्या 2 विधेयक 2026 को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दौरान संसद के दोनों सदनों में पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न स्थिति पर सरकार का पक्ष रखा।

**पीएमएमएल – प्रदर्शनी**

नई दिल्ली के प्रधानमंत्री संग्रहालय और पुस्तकालय–पीएमएमएल में कल एक दुर्लभ और ज्ञानवर्धक प्रदर्शनी का उद्घाटन हुआ। इस प्रदर्शनी का शीर्षक पीएमएमएल के अभिलेखागार है। इसमें आम जनता को भारत के आधुनिक इतिहास के कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेजों की झलक मिलती है। इनमें महात्मा गांधी का 1932 में बापसीबानू पावरी को आध्यात्मिक एकता पर लिखा गया पत्र मौजूद है। यह प्रदर्शनी 14 अप्रैल 2026 तक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक जनता के लिए खुली रहेगी।

**शिवराज कृषि मंत्री बैठक**

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि अब तक 19 राज्यों में 9 करोड़ 25 लाख किसान पहचान पत्र बनाए जा चुके हैं। श्री चौहान ने कल विभिन्न राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान कृषि मंत्री ने राज्यों को उर्वरकों की जमाखोरी और कालाबाजारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन के आयोजन के बारे में जानकारी साझा करते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि देश को पांच कृषि–जलवायु क्षेत्रों में विभाजित किया जाएगा और प्रत्येक क्षेत्र के लिए व्यापक चर्चा आयोजित की जाएगी। इसके अनुसार, पश्चिमी क्षेत्र के लिए पहला सम्मेलन सात अप्रैल को जयपुर में आयोजित किया जाएगा।

**मुख्यमंत्री–केन्द्रीय मंत्री मुलाकात**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नई दिल्ली में कल केंद्रीय मंत्रियों और राज्य के संसद सदस्यों से मुलाकात कर प्रदेश के विकास संबंधी योजनाओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केन्द्रीय संचार और उत्तर पूर्वी विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार से मुलाकात की। उन्होंने केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और संसदीय मामलों के राज्यमंत्री डॉ. एल. मुरुगन , केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री श्री दुर्गादास उइके, केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर से भी मुलाकात की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ विधायक हेमंत खंडेलवाल के साथ महेन्द्र सिंह भी उपस्थित रहे।

**समीक्षा बैठक–उपमुख्यमंत्री**

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कल राज्य मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्विभागीय विषयों की समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ और प्रभावी बनाने के लिए अहम निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने विशेषज्ञ डॉक्टरों की भर्ती सुनिश्चित करने के लिए अन्य राज्यों के मॉडल के आधार पर नियुक्ति की शर्तों एवं प्रक्रिया में आवश्यक संशोधन का प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र कैबिनेट अनुमोदन के लिये भेजने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने नर्सिंग एडमिशन प्रक्रिया को आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कर सक्षम समिति के अनुमोदन के लिए शीघ्र अग्रेषित करने को कहा।

उन्होंने क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक के लिए पदों की स्वीकृति, मेडिकल कॉलेज ग्वालियर में सीटीवीएस सेवा, सागर में कैंसर अस्पताल की स्थापना और चिकित्सालयों में जन आश्रय सुविधा उपलब्ध कराने के संबंध में भी आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

**एलपीजी, पेट्रोल डीजल**

मध्यप्रदेश में एलपीजी, पेट्रोल, डीजल, पीएनजी और सीएनजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और सप्लाई में किसी प्रकार की रुकावट नहीं है। प्रदेश में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत एलपीजी की कालाबाजारी रोकने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिला आपूर्ति अधिकारियों और ऑयल कंपनियों के अधिकारियों को पेट्रोल पंपों की नियमित जांच के निर्देश दिए गए हैं।

**हनुमान जयंती**

आज हनुमान जयंती है इस अवसर पर प्रदेश के सभी जिलों के हनुमान मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालू दर्शनों के लिये पहुंच रहे हैं। भोपाल के तुलसी मानस प्रतिष्ठान मानस भवन में हनुमंत कथा जारी है। वहीं राजगढ़, गुना, सतना और मैहर जिले में आज हनुमान जयंती का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। शिवपुरी जिले में मंशापूर्ण हनुमान मंदिर, बांकड़े हनुमान मंदिर पर विशेष पूजन कार्यक्रम होगा वहीं छिंदवाड़ा जिले बड़े हनुमान मंदिर, कोसमी के बाल हनुमान, सिमरिया स्थित 108 फीट ऊंचे हनुमान मंदिर, समेत सभी हनुमान मंदिरों में पूजा अर्चना का दौर जारी है। वहीं पांढुर्णा जिले की सीमा पर स्थित चमत्कारिक हनुमान लोक जामसांवली धाम में जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज के सानिध्य में 15 हजार से अधिक भक्तों ने एक स्वर में सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसे एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज किया जा रहा है।

**फुटबॉल–सैफ अंडर–20**

सैफ अंडर–20 फुटबॉल चैंपियनशिप में, मौजूदा चैंपियन भारत ने भूटान को 5–0 से हराकर फाइनल में जगह बना ली है। इससे पहले, बांग्लादेश ने नेपाल को 1–0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में अब कल भारत का सामना बांग्लादेश से होगा। भारत इस प्रतियोगिता चार खिताब जीत चुका है।

**आईपीएल**

आईपीएल क्रिकेट में, आज कोलकाता नाइट राइडर्स का मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। यह मैच कोलकाता में शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा। इसके पहले कल लखनऊ में डेल्ही कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को छह विकेट से हरा दिया है।

**मौसम**

वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के असर से अगले कुछ दिनों तक प्रदेश के अनेक जिलों में तेज आंधी बारिश और ओलावृष्टि होने की संभावना है। इस दौरान दिन और रात के तापमान में उतार चढ़ाव होगा। आने वाले दिनों में तापमान लगभग 38 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो सकता है। मौसम विभाग के अनुसार अगले हफ्ते से गर्मी बढ़ेगी।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में :–**

- खंडवा में महापौर अमृता अमर यादव ने वर्ष 2026–27 के लिए 883 करोड़ 51 लाख रुपये का बजट प्रस्तुत किया।
- कटनी जिला प्रशासन ने औचक निरीक्षण कर नकली और मिलावटी खाद्य सामग्रियां बनाने वाली फैक्ट्रियों, कारखानों तथा होटल और ढाबों के खिलाफ अभियान चलाया।
- झाबुआ जिले में जनगणना 2027 को लेकर कलेक्टर ने कल सांदीपनि शासकीय उत्कृष्ट उच्च माध्यमिक विद्यालय में चल रहे फील्ड ट्रेनर्स के द्वितीय बैच के प्रशिक्षण का अवलोकन कर आवश्यक निर्देश दिये।
- डिंडोरी के किसानों ने सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) परियोजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के बिलासपुर, रायपुर, कांकेर, राजनांदगांव एवं कवर्धा स्थित कृषि विज्ञान केंद्रों का अवलोकन किया।
- गुना जिले में टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत कल सीएम राइज स्कूल बरखेड़ा हाट, आरोन ब्लॉक में जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ।

————————————